21 Ambikapur-BHOOMI-pg 1-0_Layout 1 1/21/2024 10:16 PM Page 1



हरिभूमि
# सरगुजा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 22 जनवरी 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान
अधिकतम 28.4 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

### देवालयों में धार्मिक अनुष्ठान आज

## श्री राम-सीता की स्मृतियों से भरे हैं सरगुजा के जंगल-पहाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान श्री राम एवं सीता की स्मृतियों से सरगुजा भरा पड़ा है। सरगुजा के जंगल पहाड़ हो या नदियों का किनारा चारो तरफ राम की स्मृतियां मौजूद हैं। अपने अगाध प्रेम के कारण सरगुजावासियों ने राम के वनवास काल की सभी घटनाओं की कल्पना सरगुजा के अलग-अलग क्षेत्रों में घटित होने की कल्पना की है। तथा इसी के अनुरूप इन स्थलों का नामकरण किया है। भगवान राम की लीलाएं आज भी सरगुजा के शैला, करमा, सुआ, डोमकच एवं ददरिया की पारंपरिक गीतों में जीवित है। खास बात है कि इन पारंपरिक गीतों में अधिकांश गीत राम-सीता से संबन्धित हैं। मान्यता है कि राम ने सबसे पहले कोरिया के रास्ते दण्डकारण्य में प्रवेश किया था तथा सीता लेखनी के पास विश्राम किया था। यहां राम जानकी व लक्ष्मण लम्बे समय तक रूके थे। क्षेत्र के ग्रामीणों की मान्यता है कि सीता ने यही पढ़ना-लिखना सीखा। सीता लेखनी में मौजूद शंख लिपि लेख माता सीता ने ही लिखे हैं। हालाकि सीता लेखनी के लेख अभी तक पढ़े नहीं जा सके हैं। महिलाओं की मान्यता है कि सीता लेखनी के सिंदुरी रंग को लगाने से सुहाग अक्षय



रहता है। दर्शन करने पहुंचने वाली महिलाएं सीता लेखनी के अक्षरों को खुरचकर सिंदुर के रूप में लगाती भी है। पास में ही एक चट्टान पर लक्ष्मण के एक पैर के पंजे का निशान भी है। शहर के निकट पिल्खा पहाड़ पर भी लक्ष्मण के पैर के निशान है। मान्यता है कि लक्ष्मण बहंगों में बांधकर पिल्खा पहाड़ को रामगढ़ पहाड़ी के ऊपर स्थापित करने के लिए ले जा रहे थे। बहंगा उठाते ही टूट गया जिससे पहाड़ टूटकर अलग-अलग हिस्सों में विभक्त हो गया। विकासखण्ड मुख्यालय प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम शिवपुर में स्थापित शिवलिंग की स्थापना भगवान राम द्वारा करने की जनश्रुति है।

### अंबिकापुर का नाम था विश्रामपुर

बताते हैं अपने वनवास काल में भगवान राम ने यहां विश्राम किया था। इसी कारण पूर्व में अम्बिकापुर का नामकरण विश्रामपुर किया गया था। वर्ष 1909 में तत्कालीन अंग्रेज सरकार ने शहरों के नामों में बदलाव किया था। तब विश्रामपुर नाम हटाकर सरगुजा की कुलदेवी अम्बिका के नाम पर अम्बिकापुर का नामकरण किया गया था। तब ग्राम पंचायत ओड़ार बहरा का नाम विलोपित कर विश्रामपुर नामकरण किया गया।

### राम के तीर से निकला था तातापानी का गर्म पानी

बलरामपुर जिलान्तर्गत तातापानी के पास राम चौरा पहाड़ी है। ग्रामीणों की मान्यता है कि अपने वनवास काल के दौरान भगवान राम ने यहां लम्बे समय तक निवास किया था। पहाड़ी के पास धोबी बस्ती है। ग्रामीणों की मान्यता है कि उनके पूर्वज वनवास काल में राम जानकी व लक्ष्मण के वस्त्र धोते थे। श्रद्धालुओं ने पहाड़ी पर विशाल ध्वज स्थापित किया है। ग्रामीणों की मान्यता है कि तब गर्मजल की आवश्यकता पड़ने पर भगवान राम पहाड़ी पर खड़े होकर धरती पर तीर चलाए थे। उनके तीर मारते ही धरती से गर्म जल का स्त्रोत फूट पड़ा था जो आज भी तातापानी गर्म जल स्त्रोत के रूप में मौजूद है।



### सारासोर में किया था बांध का निर्माण

ग्रामीणों की मान्यता है कि भगवान राम ने अपने वनवास काल में सूरजपुर जिलान्तर्गत सारासोर में रेड़ नदी पर बांध का निर्माण किया था। इस दौरान कालिया नाग राक्षस बांध को बार-बार फोड़ देता था। जिससे बांध का पूरा पानी बह जाता था। अंत में लक्ष्मण ने फुटे बांध का स्थाई उपाय करने के लिए जरही एवं कपसरा के मध्य से साल्ही एवं बेसाही पहाड़ी को कांवर में फंसाकर सारासोर लाए लेकिन क्षतिग्रस्त हिस्से पर रखने के दौरान दोनों पहाड़ टूट गए और बांध अधूरा रह गया। वर्तमान में सारासोर प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में चर्चित हैं। बेसाही पहाड़ी पर आज भी प्राचीन मंदिर एवं मूर्तियां स्थापित है जबकि साल्ही पहाड़ी पर एक सदाबहार तालाब है जिसके प्रति ग्रामीणों की अगाध श्रद्धा है।

### जोगीमाड़ा किला में रूके थे राम

विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत ग्राम पंचायत चपदा में गोखमई नदी तट पर एक पहाड़ी है। नदी किनारे पहाड़ी पर 10 फीट ऊँचाई पर एक प्राचीन किला है रामगढ़ की जोगीमाड़ा किला के नाम से चर्चित है। इस एक कमरे के खोह का निर्माण किला के तर्ज पर किया हैं। किला के निर्माण का काल अभी तक निर्धारित नहीं किया जा सका है। ग्रामीणों की मान्यता है कि राम-लक्ष्मण, सीता के साथ जोगी में आए थे तथा लम्बे समय तक किला में निवास किए थे। उनके आगमन की खुशी में वनवासियों ने निर्जन वन में उनके निवास के लिए सुरक्षित किले का निर्माण किया था। किले की दीवारों पर फूल-पत्ती, हाथी, हिरण सहित अन्य जीव-जंतुओं के रंग-बिरंगे चित्र अंकित है। दूरस्थ इलाका होने के कारण अभी जोगीमाड़ा किला से अधिकांश लोग अपरिचित थे।

### राम-सीता ने रचाया था विवाह

बलरामपुर जिलान्तर्गत ग्राम सीता चौक में सीता नाला में एक बड़ी चट्टान है। चट्टान पर मण्डप के लिए 9 गड्ढे खोदे गए हैं तथा मण्डप में परम्परानुसार आकर्षक चौक पुरे गए हैं। ग्रामीणों की मान्यता है कि चट्टान पर तैयार किए गए मण्डप में राम-सीता ने अपना विवाह रचाया था। ग्रामीणों का कहना है कि 20 साल पहले तक नाला के किनारे से मध्य रात्रि घसिया बाजा की आवाजें आती थी। ग्रामीण इस स्थल की पूजा करते हैं। पुरातत्वविद अजय चतुर्वेदी का कहना है कि उस काल में भी अलग तरीके से विवाह वर्षगांठ मनाने की परम्परा रही होगी जिसका पालन वनवास काल में राम-जानकी ने किया होगा। पीजी कॉलेज में इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ.अजय पाल सिंह ने बताया कि इतिहास साक्ष्यों पर आधारित है। सरगुजा की जनश्रुतियों एवं परम्पराओं में भगवान राम जानकी एवं लक्ष्मण सजीव हैं। सरगुजा से राम का जुड़ाव अभिन्न रूप से रहा है। यहां राम जरूर आए होंगे।



## रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के दौरान एक साथ प्रज्वलित होंगे एक लाख दीप

- लेजर शो के साथ ही भजन संध्या, गांधी स्टेडियम में किया गया पूर्वाभ्यास

रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पल को ऐतिहासिक बनाने के लिए सरगुजा जिले में वृहद् पैमाने पर तैयारियां की गई है। शहर के साथ ही जिले को भगवा रंग से रंग दिया गया है। इसके साथ ही इस उत्सव के दौरान शहर में एक लाख दीप प्रज्वलित करने के साथ ही भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें किशन भगत द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन को लेकर आज समिति द्वारा स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में एक लाख दीप प्रज्वलित करने को लेकर पूर्वाभ्यास किया गया। कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति के संयोजक नीलेश सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर में उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान शहर को भगवामय किया गया है और मंदिरों में साज सज्जा की गई है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आज अखंड रामायण पाठ प्रारंभ किया गया जो 22 जनवरी तक जारी रहेगा। सोमवार को अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति उपरान्त दोपहर में अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया




जाएगा। इसके बाद शाम 6 बजे आयोजन स्थल गांधी स्टेडियम में ही एक लाख दीप प्रज्वलित किया जाएगा। दीप प्रज्वलित करने की जिम्मेदारी मातृशक्ति को दी गई है। दीप प्रज्वलन के लिए एक हजार से अधिक मातृशक्ति का पंजीयन किया गया है जिनकी मौजूदगी में आज दीप प्रज्वलन हेतु पूर्वाभ्यास किया गया। दीप प्रज्वलन उपरान्त दिल्ली से आए लेजर लाइट शो टीम द्वारा भगवान राम की छवियों और उनकी लीलाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इस बीच जमकर आतिशबाजी की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान आतिशबाजी का सिलसिला जारी रहेगा जबकि देर शाम से भजन गायक किशन भगत द्वारा भजन संध्या में भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### खबर संक्षेप



#### हाथी पखना गणपति धाम में मनेगा दीपोत्सव

**अम्बिकापुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अवसर पर बाल गंगाधर तिलक स्थापना समिति द्वारा महामाया पहाड़ी स्थित हाथी पखना गणपति धाम में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया जाएगा। समिति के कार्यकर्ता गणपति धाम की साफ-सफाई में लगे हैं। समिति के संस्थापक सदस्य भारत सिंह सिसोदिया ने बताया कि 21 जनवरी को शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक सुन्दरकांड पाठ, 22 जनवरी को सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक अखण्ड कीर्तन तथा सुबह 11 बजे महाआरती एवं आतिशबाजी, प्रसाद वितरण, भण्डारा सहित हजारों दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। गणपति धाम की साफ-सफाई एवं व्यवस्था की जिम्मेदारी राजू अग्रवाल, रूपेश दुबे, सिद्धार्थ मिश्रा, अभिषेक शर्मा, अनीश सिंह, आशीष अग्रवाल, अंशुल श्रीवास्तव, सुमित श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, रोहित कुशवाहा, संदीप यादव मैंगो, मुशर्रत अली, चंद्रमा सारथी, अमित गोयल, रणधीर सिंह टिक्लू आदि को सौंपी गई है।

#### एसईसीएल में आज आधे दिवस होगा दफ्तरों का संचालन

**बिश्रामपुर।** भारत सरकार द्वारा राम मंदिर प्रतिष्ठा के दिन सरकारी दफ्तरों में काम काज आधे दिन की अवकाश दिए जाने के कारण एसईसीएल की जीएम यूनिट सहित सभी सहक्षेत्र कार्यालयों में दोपहर ढाई बजे दफ्तर खुलेंगे।सरकार ने आमजनों सहित सरकारी कर्मचारियों को इस ऐतिहासिक समय पर साक्षी बनने परिवार के साथ खुशियां मनाने कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने का अवकाश दिया है।उक्त सभी सरकारी दफ्तर दोपहर ढाई बजे खुलेगी।जबकि खदानों व आवश्यक सेवाएं पूर्ववत संचालित होंगी।

### कांग्रेस ने प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर किया सुंदरकांड पाठ

**अंबिकापुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी ने आज राम मंदिर में सुंदरकांड और हनुमान चालिसा का पाठ किया। भक्तीभाव से हुए इस आयोजन में न केवल कांग्रेस कार्यकर्ता साथ ही बडी संख्या में आम नागरिकों ने भी अपनी सहभागिता दी।



राम मंदिर परिसर में पवन-पुत्र मानस मंडल के साथ रविवार दोपहर यह आयोजन हुआ जो 11 बजे से लेकर 3 बजे तक जारी रहा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आमजन से मुलाकात कर उन्हें पार्टी की ओर से संदेश दिया कि 22 जनवरी को श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घरों में मौजूद पूजा स्थलों पर 11 दीये जलायें। इन दीयों को जलाते हुए प्रभु श्री रामचंद्र के साथ साथ माता कौशल्या की भी अराधना करें क्योंकि छत्तीसगढ माता कौशल्या का मायका है। आज के इस आयोजन के दौरान सत्येन्द्र तिवारी, राम विनय सिंह, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद चौधरी, मनोज पाण्डे, विजय तिवारी, पूनम अग्रवाल, अमित तिवारी राजा, दिनेश शर्मा, पंकज शुक्ला, चंद्रप्रकाश सिंह, शिवांश गुप्ता, रोशन कन्नौजिया, अमित मंदिलवार, बबन सोनी, राजेश सोनी, मनोज कश्यप, शुभेन्द्रु घोष, अनूप मेहता आदि उपस्थित थे।

### आकर्षक झालरों से सजाया गया मंदिर सहित मुख्य मार्ग

**प्रतापपुर।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के पुनीत अवसर पर नगर के स्थानीय प्राचीन पक्की तालाब सूर्य मंदिर, हनुमान मंदिर में हिंदू महासभा द्वारा श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर, तालाब सहित सड़क मार्ग को विभिन्न लाइटिंग एवं झालरों के साथ टेंट पंडालों से सजाई गई है। 22 जनवरी को



स्थानीय पक्की तालाब में 21 हजार दीपोत्सव जलाकर प्रभु श्रीराम का विधि विधान से पूजन कर स्थानीय हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल होंगे। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा जगराता कार्यक्रम का आयोजन होगा और भव्य आतिशबाजी की जाएगी। श्रीराम मंदिर निर्माण के भव्य आयोजन में पूरा नगर भक्ति में हो गया है। इस दौरान,अजीत शरण सिंह, सतीश चौबे, लाल संतोष सिंह,अंबिका जायसवाल, कंचन सोनी,अक्षय तिवारी, राजेश कश्यप, मुकेश अग्रवाल,अनिल मित्तल,अज्जू नायडू, आनंद शुक्ला, नवीन नाविक, विक्रम नामदेव, सुमेर कश्यप,अंकुश गुप्ता, विक्रम सिंह, अंकेश तिवारी, सीबू सिंह, आकाश मित्तल, हरिशंकर गुप्ता, प्रियांशु सोनी, सूर्या जायसवाल,अंकित, संजीत जायसवाल, सूरज अंकित, किशन रजक, शिवम गोयल,अनुराग, सत्यम, सहित बड़ी संख्या में राम भक्त सक्रिय है।

## भगवा झंडे व पताकों से सजा शहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व बिश्रामपुर- शिवनन्दनपुर नगर को भगवा पताकों व झंडे लगाकर नगर को भगवामय कर दिया गया है।सोमवार को प्रतिष्ठा महोत्सव मनाने नगर के संकट मोचन मंदिर में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।शाम चार बजे नगर में विशाल शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर हिंदू संगठनों सहित स्थानीय युवाओं की टीम ने व्यापक तैयारी की है।दक्षिण मुखी संकट मोचन दरबार में स्थित रामचंद्र जी का अभिषेक सहस्त्रार्चन पूजन, नवधा रामायण पता हवन, पूर्णाहुति के बाद प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है।इसके अतिरिक्त मंदिर में विभिन्न मंडलियों द्वारा राम नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया है जो शाम चार बजे तक चलेगा।शाम पांच बजे नगर में राम दरबार की विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया है।शाम सात बजे महाआरती की जायेगी।आरती उपरांत भव्य आतिशबाजी के साथ रात्रि में मंदिर में दीपोत्सव का आयोजन होना तय किया गया है।

**दुर्गा वाहिनी व बजरंग दल के कार्यकर्ता सक्रिय-**राण प्रतिष्ठा महोत्सव को यादगार बनाने पिछले एक सप्ताह से बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रभात फेरी,सायकल रैली के साथ पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र का वितरण कर रहे हैं।नगर में मुख्य मार्ग की सफाई कर सड़क के दोनों छोरों पर पेंट की आकर्षक रंगोली बनाई जा रही है।इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न मंदिरों सहित आमजनों ने अपने घरों में विद्युत झालर के साथ भगवा झंडे लगाए है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर प्रतिष्ठा दिवस को सभी घरों में दीपावली मनाए जाने की तैयारी है।

## रंगीन रोशनी में नहाया राम मंदिर, सजी आसपास की सड़कें...





रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर सोमवार को होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों के लिए मंदिर समिति द्वारा राममंदिर परिसर की भव्य सजावट की गई है। मंदिर परिसर के चारों ओर रंग-बिरंगी झालर लगाने के साथ ही मंदिर परिसर एवं राम-जानकी की प्रतिमा सहित सभी विग्रहों की भव्य सजावट की गई है। राम मंदिर से सटे जयस्तभ चौक, सदर रोड एवं पैलेस रोड की भी भव्य सजावट की गई है। आसपास की सड़कों पर रंगीन रोशनी एवं आकर्षक ध्वज सजाए गए हैं। आज सुबह से ही मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ होंगे एवं शाम में हजारों दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे।




### पार्वती इंस्टीट्यूट ने रामलला प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर निकाली रैली

मदनपुर सिलफिली स्थित पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग एंड रिसर्च मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय में 20 जनवरी को बीएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा रामलला की स्थापना के उपलक्ष्य में रैली निकाली गई। रैली में प्रशिक्षणार्थियों ने राम धुन और मां भारती की जयकारे का गुणगान किया और ग्रामवासियों को भगवा झंडा एवं घर को जगमग करने हेतु दीप प्रदान किया। इसके साथ ही ग्रामीणों को भगवान राम के जीवन चरित्र और आदर्शों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार प्रशिक्षार्थियों ने सनातन धर्म हेतु ग्रामवासियों को प्रेरित किया। यह किसी धर्म विशेष को मानने की बात नहीं बल्कि राम के आदर्श चरित्र को जीवन में उतारने की बात है। प्रशिक्षार्थियों ने संकल्प लिया कि वे भी भगवान राम के जीवन चरित्र और आदर्शों को अपने जीवन में उतरेंगे। इस दौरान बीएड प्रभारी प्रीति सोनी, सहायक प्राध्यापक उपेंद्र कुमार रवि, श्रीमती किरण सिंह, अरुण कुमार दुबे, श्रीमती प्रियांशु यादव, श्रीमती अपराजिता केवर्त्य, श्रीमती निशा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च, बड़ी संख्या में तैनात किए गए जवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दौरान शहर व जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। इस दौरान जिलेभर में धार्मिक स्थलों, आयोजन स्थल व जिलेभर में पुलिस का कडा पहरा रहेगा। आयोजन के पूर्व आज पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा शहर में फ्लैग मार्च निकालकर उत्सव को सद्भावनापूर्वक मनाने का



सन्देश दिया गया। अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर के साथ ही जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने है। इस दौरान जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। आयोजन को लेकर आज सरगुजा पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा शहर में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च घड़ी चौक से प्रारंभ होकर सद्भावना चौक पर समाप्त हुआ। इस दौरान एएसपी पुपलेश कुमार ने बताया कि शहर के साथ ही जिलेभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। शहर के विभिन्न आयोजन स्थल, रामगढ़, सभी मंदिरों, मस्जिदों में सुरक्षा बल लगाए गए है। सोमवार को शहर में 500 से से अधिक जवानों को तैनात किया जाएगा। वहीं शहर में एनसीसी के बच्चों को भी वोलेंटियर के रुप में लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्सव को सद्भावनापूर्वक मनाने का आह्वान किया गया है। आयोजन के दौरान किसी प्रकार का विघ्न डालने, उत्पात मचाने वालों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### चौथी बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स में शामिल होंगे राजेश प्रताप सिंह

**अंबिकापुर।** सरगुजा बास्केटबॉल संघ के संचालक व राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह चौथी बार खेल इंडिया यूथ गेम्स में शामिल हो रहे है। राजेश प्रताप सिंह तमिलनाडु के



कोयंबटूर में आयोजित 6वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 में छत्तीसगढ़ बालिका बास्केटबॉल टीम के मैनेजर के रूप में सम्मिलित होंगे। इसके पूर्व भी वे खेलो इंडिया गेम्स में अलग अलग जिम्मेदारी निभा चुके है। बास्केटबॉल राष्ट्रीय कोच और आदिवासी बाहुल्य सरगुजा जिले की खेल प्रतिभा को निखार के राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने वाले राजेश प्रताप सिंह इससे पहले खेलो इंडिया युथ गेम्स दिल्ली, गुवाहाटी और इंदौर की प्रतियोगिता में शामिल हो चुके हैं। राजेश प्रताप सिंह ने शहर में खेलो इंडिया व फिट इंडिया मूवमेंट पर स्कूल व क्लब में प्रचार प्रसार करने के साथ ही बच्चों को खेल गतिविधियों से जोड़ने का काम किया है।

### कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को किया गया जागरूक



**सूरजपुर।** नगर के साधु राम विद्या मंदिर मे बच्चों के प्रति आपस में नकारात्मकता को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के कक्षा आठवीं से 12वीं तक के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रसून गोयल ने कहा कि संविधान के अनुसार हम सब शासित होते हैं। संविधान ने हमारे स्वतंत्रता की बात कही है। हमें आपस में सामंजस्य बैठाने की आवश्यकता है क्योंकि नफरत सिर्फ समस्या को जन्म देता है। हमें आपस में एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए। अंकिता गोयल ने बताया की आए दिन विद्यालय में हो रही घटनाओं से हमें जागरूक होने की आवश्यकता है। इस समस्या को देखते हुए सीबीएसई ने भी एंटी बुलिंग की व्यवस्था लागू की है। यातायात के नियम से भी अवगत कराया गया, जिसमें बिना लाइसेंस के तथा तेज गति से वाहन न चलाने की बात कही। अंत में छात्रों ने अपने मन में आ रहे सवालों को मुख्य वक्ता के सामने रखा जिसका उन्होंने बड़ी ही तन्मयता के साथ जवाब दिया। कार्यक्रम में आए हुए वक्ताओं को विद्यालय के डायरेक्टर राहुल अग्रवाल ने स्मृति चिन्ह भेंट किया साथ ही मुख्य वक्ता प्रसून गोयल ने भी विद्यालय को संविधान की पुस्तक भेंट कर सभी छात्रों से उसे पढ़ने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन रजनी मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन आनंद विश्वकर्मा ने किया।

### हितग्राहियों ने राइस मिलर व खाद्य विभाग पर मिली भगत करने का आरोप

# शासकीय उचित मूल्य दुकान में घटिया व कीड़ा युक्त चावल वितरण करने से हितग्राहियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- 2 महीना से कीड़ा युक्त चावल लेने को मजबूर हितग्राही

शासन प्रशासन द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को राहत देने के उद्देश्य से शासकीय उचित मूल्य दुकान में कम दर पर चावल वितरित की जाती है। हैरानी की बात यह है कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में हितग्राहियों को हर माह चावल वितरित की जा रही है परंतु पिछले दो माह से हितग्राहियों को काफी घटिया व कीड़ा, कंकड़ युक्त चावल बांटा जा रहा है। चावल देख कई हितग्राही लेने से इंकार कर देते है तो गरीब तबके के लोग इस चावल को लेने मजबूर है। ऐसे में क्षेत्र के हितग्राहियों ने शासकीय उचित मूल्य दुकान की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने व गुणवत्ता युक्त चावल वितरित किए जाने की मांग की है।

विकासखंड प्रतापपुर क्षेत्र के नगर सहित सभी ग्राम पंचायतों के शासकीय उचित मूल्य की दुकान में काफी घटिया



स्तर का चावल बांटा जा रहा है। जिसे देख हितग्राहियों में काफी आक्रोश है। हितग्राहियों ने आरोप लगाया है कि पिछले दो माह से सोसायटी में वितरित की जा रहे चावल का स्तर काफी घटिया है जिसे बांट कर हितग्राहियों के गरीबी का मजाक उड़ाया जा रहा है। चावल का स्तर ऐसी है कि उसे जानवर तक नहीं खा सकते उस चावल को हितग्राहियों को वितरित कर खपाया जा रहा है। ग्रामीणों ने राइस मिलर व खाद्य विभाग पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि राइस मिलर व गोदाम के फूड विभाग की मिलीभगत से इन दिनों प्रतापपुर नगर पंचायत सोसायटी सहित में व प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायतों में गरीब

**की जाएगी कड़ी कार्रवाई**

घटिया चावल वितरण करना अति गंभीर मामला है। कलेक्टर को संज्ञान में देते हुए तत्काल जांच कराई जाएगी। जांच में घटिया चावल वितरण करते पाए जाने पर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। इसमें राइस मिलर एवं फूड विभाग को भी नहीं बक्शा जाएगा।

**-दीपिका नेताम**, एसडीएम प्रतापपुर

लोगों पीडीएस का कीड़ा युक्त सड़ा गला पानी लगा हुआ कंकड़ चावल खाने को मजबूर है। जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी इसका असर पड़ने लगा है। एक नजर में चावल को देखने के बाद में ऐसा प्रतीत होता है कि कई वर्षों से यह घटिया चावल बद से बत्तर स्थिति में फेंकी हुई लगती है। गरीबों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार पोषण युक्त चावल देने का बात करती है परंतु पिछले दो माह से कीड़ा युक्त चावल को हितग्राही लेने को मजबूर है।

**शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई**

विकासखंड क्षेत्र के हितग्राहियों ने उचित मूल्य दुकान में घटिया चावल वितरित करने की शिकायत संबंधित विभाग से की परंतु आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी। ऐसे में पिछले दो माह से उचित मूल्य दुकान में निम्न स्तर के चावल का वितरण किया जा रहा है।

**राइस मिलर खपा रहे चावल**

ग्रामीणों का आरोप है कि जिस तरह से पीडीएस से उचित मूल्य दुकान में चावल भेजी जा रही है वह काफी घटिया है। राइस मिलर एवं पीडीएस के अधिकारियों की मिली भगत से भ्रष्टाचार का भेट चढ़ जा रहा है। सूत्रों की मानें तो चावल में जमकर हेरा फेरी की जा रही है। बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों से लाकर राइस मिलर अधिकारियों की मिलीभगत से चावल को खपाने के लिए प्रत्येक नगर पंचायत ग्राम पंचायत के सभी सोसाइटी में भेजी जा रही है।



## अग्र अलंकरण समारोह में विजयराज किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा अग्र अलंकरण समारोह 2024 का आयोजन किया गया। समारोह में क्षेत्र के समाजसेवी विजयराज अग्रवाल को दिव्यांग जनों, महिलाओं व बच्चों के कल्याण हेतु किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप मित्तल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न 18 क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 18 प्रतिभागियों को अग्र अलंकरण पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, अभा अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राज्य के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अग्रवाल समाज ने अपना अमूल योगदान दिया है। अग्रवाल समाज ने व्यापार के क्षेत्र में अपना अहम योगदान देकर अर्थव्यवस्था को मजबूत कर शासन के सुदृढ़ संचालन में योगदान दिया है साथ ही राष्ट्रीय हित के लिए भी हमेशा आगे खड़ा रहा है।

## सूरजपुर एसपी ने पखवाड़े भर के भीतर तबादला आदेश में किया संशोधन

**बिश्रामपुर।** प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद पुलिस कर्मी अब अपनी मनचाही पोस्टिंग के लिए सत्ता पक्ष नेताओं के चक्कर लगा रहे हैं। इनमे से कुछ ऐसे पुलिसकर्मी भी हैं जो कांग्रेस की सरकार में भी मनचाहे थाना चौकियों का प्रभारी बनकर अपनी महत्वकांक्षाओं को पूरा किया है।अब इन्हीं में से कुछ कर्मी ऐसे हैं जिन्होंने कांग्रेस की सरकार जाते ही भाजपा में पैठ रखने वालों के पीछे घूमना शुरू कर दिया है, इसमें कुछ खास थाना चौकी के प्रभारी अपने प्रयास में सफल भी हुए है, गौरतलब है कि अभी सूरजपुर एसपी ने करीब दस दिनों पहले दर्जन भर के करीब पुलिस कर्मियों का तबादला किया था जिसमें कुछ प्रभारियों के नाम शामिल थे। इनमें से सभी ने अपनी ज्वाइनिंग भी दे दी है। यहां एसपी ने करंजी चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रदीप सीदार का तबादला सूरजपुर कोतवाली करते हुए डीएसबी शाखा प्रभारी विराट बी शी को प्रभारी नियुक्त किया था, प्राप्त जानकारी अनुसार अब विराट बी शी को सूरजपुर एसपी ने वापस डीएसबी शाखा बुला लिया है और सूरजपुर कोतवाली में पदस्थ अरुण गुप्ता को करंजी प्रभारी नियुक्त किया है। अब दो दिन बाद तक अरुण गुप्ता के प्रभार लेने नही पहुंच पाए हैं जिससे उम्मीद है कि यहां भी किसी और की पदस्थापना हो सकती है, लगातार प्रभारी बदलने से चौकी के कर्मचारियों पर भी इसका विपरीत असर पड़ रहा है साथ ही लोकल पुलिसिंग भी प्रभावित हुई है।

- विराट बीशी पुन: डीएसबी शाखा प्रभारी नियुक्त

## शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने निकली संकल्प यात्रा : राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्तर पर आमजन को लाभ पहुचाने विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई है। केंद्र सरकार द्वारा समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उक्त बातें पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव ने रविवार को नगर पंचायत प्रांगण में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि यहां पर लोग शिविर में आवेदन देकर अपनी



समस्याओं का निराकरण करा सकते हैं। कार्यक्रम में सूरजपुर एसडीएम आईएएस लक्ष्मण तिवारी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, इंजी. विनय सिंह, किरण पटेल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निर्मला यादव, पार्षद दीप्ति स्वाई, जयप्रकाश यादव, रविशंकर बउवा, अमरेश सिंह, दुर्गा गुप्ता, डॉक्टर प्रशांत सिंह, नगर पंचायत सीएमओ सुशील तिवारी, इंजीनियर तरंग मित्तल, मोहिनी झा, ज्योति सिंह द्वारा उज्वला योजना के हितग्राहियों को गैस सिलेंडर व चूल्हा वितरण किया गया। साथ ही लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। यहां पर उपस्थित लोगों द्वारा योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली गई। शिविर के दौरान विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। शिविर के दौरान नगर पंचायत के स्वच्छता निरीक्षक अरविंद यादव, कैशियर रनदीप दास, शशि, परवेज आलम, आकाश सिन्हा, हैदर व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षक गौरीशंकर पांडेय ने किया।
























दिनांक : 22 जनवरी 2024, सोमवार को
धर्म नगरी अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा की हार्दिक शुभकामनाएं...
|| जय श्री राम ||
गर्व है इस ऐतिहासिक अवसर के हम सभी साक्षी बनेगें !!


भगवान श्री राम मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सिकन्दर जायसवाल
पार्षद, नगर पालिका निगम अम्बिकापुर


भगवान श्री राम मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अंकित तिर्की
प्रदेश सोशल मिडिया सह प्रभारी अजजा मोर्चा (छ.ग.)
प्रदेश सचिव-जनजाति गौरव युवा समाज छ.ग.



भगवान श्री राम मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सत्येन्द्र प्रताप सिंह
मो. - 9425257102
एच.एन.इन्फोटेक
चोपड़ापारा, अम्बिकापुर
जानकी फ्यूल्स
लटोरी रोड, दरिमा


भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा
की हार्दिक शुभकामनाएं...
आलोक दुबे
पार्षद - नपानि अम्बिकापुर
नेता - भारतीय जनता पार्टी सरगुजा


भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अभिषेक शर्मा
अधिवक्ता (टैक्स)
जिला सहकोषाध्यक्ष - भाजपा सरगुजा
प्रदेश सहसंयोजक - आर्थिक प्रकोष्ठ छ.ग.
संयोजक - विप्र जन चेतना मंच


भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा
की हार्दिक शुभकामनाएं...
उन्मेष तिवारी
अधिवक्ता/नोटरी
जिला एवं सत्र न्यायालय, अम्बिकापुर


भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा
की हार्दिक शुभकामनाएं...
CA एच.एस. जायसवाल
अम्बिकापुर


भगवान श्री राम मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा
की हार्दिक शुभकामनाएं...
रजनीश पाण्डेय
मण्डल अध्यक्ष - भारतीय जनता पार्टी मैनपाट


भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा
की हार्दिक शुभकामनाएं...
मनोज गुप्ता
प्रदेश मंत्री
भारतीय जनता पार्टी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सजी पटाखा दुकान

**अम्बिकापुर।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के पुनीत अवसर पर जहां शहर सहित जिले भर में शक्तिपीठों को आकर्षक सजाया गया है तो वही प्रधानमंत्री द्वारा लोगों को अपने घरों में कम से कम पांच दीपक जलाने का आवाहन किया है। इधर शहर सहित जिले भर में राम भक्तों द्वारा अपने स्तर पर दीपोत्सव मनाने की तैयारी में जुट गए है। दिवाली की तरह श्री राम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के दिन श्रद्धालु अपने घरों में आतिशबाजी कर सके इसके लिए दीपावली की तरह कन्या महाविद्यालय परिसर में पटाखा दुकान लगाई गई है। आज बड़ी संख्या में लोग पटाखा दुकान में खरीदारी करने पहुंचे। पटाखा दुकान संचालकों ने बताया कि पटाखा दुकान लगने की जानकारी कम ही लोगों की थी जिस कारण पहले दिन आज कम लोग खरीदारी करने पहुंचे परंतु 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन ग्राहकों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है।

### मांस-मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने सौपा ज्ञापन

**रामानुजगंज।** बजरंग दल ने 22 जनवरी को मांस-मछली के क्रय विक्रय पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन। सौंपे गए ज्ञापन में बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया कि 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में होने वाले प्रभु श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन पूरे देश एवं जिले भर में अनेकों धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले में मांस मछली के संपूर्ण क्रय विक्रय पर प्रतिबंध लगाने हेतु बजरंग दल ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रशासन से 22 जनवरी के दिन सभी मांस मछली मदिरा आदि से संबंधित सभी दुकानों पर क्रय विक्रय पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इस दौरान जिला संयोजक जशु केसरी, नगर संयोजक नयन गुप्ता, नगर सह संयोजक सुशील मेहरा, सूरज कश्यप, सौरभ श्रीवास्तव, पप्पू यादव, रितेश कुमार, उमेश कुशवाहा, दयाशंकर यादव, शैलेश यादव अन्य उपस्थित थे।

### कुएं में डूबने से ग्रामीण की मौत

**लखनपुर।** रविवार को ग्राम पुहपुटरा निवासी राजेंद्र प्रसाद ठाकुर आ.ठाकुर प्रसाद (45साल) अपनी बाड़ी के कुएं में गिर गया तथा गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शनिवार की रात 8 बजे राजेंद्र खाना खाकर गेहूं की फसल देखने जाने की बात कहकर घर से निकला था तथा वापस नहीं लौटा। रविवार को मृतक की पत्नी कुंए के पास गई तो कुए में उसका शव देखी। संदेह पर कुंए का पानी निकाला गया तो शव दिखाई देने लगा। ग्रामीणों की मदद से रस्सी के सहारे मृतक का शव बाहर निकाला गया तथा घटना की सूचना थाने में दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंचकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया है। मर्ग कायम कर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।


### थाना प्रभारी ने बाइक व स्कूटी चालकों को हेलमेट पहनने की दी समझाइश

**कुसमी।** नगर में बिना हेलमेट पहन कर बाइक व स्कूटी चालकों को थाना प्रभारी ने समझाइश दी। आज दोपहर थाना प्रभारी जितेन्द्र जायसवाल टीम के साथ जशपुर रोड बाबा चौक पर आने जाने वाले बाइक व स्कूटी सहित अन्य वाहन चालकों को रोककर हेलमेट पहनने की सलाह दी। साथ ही वाहन को धीमी गति से चलाने, एक बाइक में 2 लोग तथा तीन सवारी बैठाकर नहीं चलाने की बात कही। इसके अलावा शराब की नशे में वाहन नहीं चलाने की बात कही।

## निधन

### रामयग चौबे

**सूरजपुर।** नगर के सेवा निवृत्त प्रधान पाठक कालेज रोड निवासी राम यग चौबे का 88 वर्ष की आयु में शनिवार की शाम निधन हो गया है। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे संतोष चौबे के पिताजी थे। रविवार को स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित नगर के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



---

### दुर्घटनाएं होने पर की जाती है कार्रवाई

# 17 वर्षों में टीपी नगर के प्रोजेक्ट को नहीं मिली मंजूरी, रिंग रोड पर वाहनों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- प्रस्ताव को लेकर नहीं हो पाई सार्थक पहल

शहर के रिंग रोड को अव्यवस्थित गैरेज व भारी वाहनों की पार्किंग से मुक्त कराने के लिए बनाई गई टीपी नगर की योजना 17 वर्षों में भी मूर्त रूप नहीं ले पाई है। निगम लगातार प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजता रहा लेकिन शासन स्तर पर फाइल प्रक्रियाओं की पेचीदगी में फंसी रही। इस बीच शहर में समय समय पर रिंग रोड को कब्जा मुक्त कराने के नाम पर प्रशासन कार्रवाई करता रहा लेकिन अब तक टीपी नगर को स्थापित करने के लिए किसी प्रकार की कोई खास पहल नहीं की गई। एक बार फिर से सत्ता परिवर्तन के बाद नगर निगम द्वारा टीपी नगर का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है और अब देखना यह है कि नई सरकार में इस प्रोजेक्ट को मंजूरी मिल पाती है या नहीं।

बता दें कि नगर निगम द्वारा शहर के रिंग रोड किनारे व जगह जगह बेतरतीब ढंग से संचालित गैरेज, गोदाम व ट्रांसपोर्ट गैराज को व्यवस्थित करने के लिए टीपी नगर बसाने की योजना बनाई गई थी। वर्ष 2007 में तत्कालीन निगम सरकार व जिला प्रशासन द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर बसाने की कवायद शुरू की व शासन से मिली करोड़ो रुपए की राशि से सड़क व विद्युत व्यवस्था करने के बाद ही छोटी छोटी गुमटियां बनाई गई थी लेकिन बिना किसी बेहतर योजना के बनाई गई गुमटियां बेकार हो गई और टीपी नगर आज भी वीरान पड़ा हुआ है। टीपी नगर में अब शराबी व नशेड़ियों का कब्जा है जबकि जरूरतमंद आज भी इसके आबाद होने के इन्तजार में है। टीपी नगर स्थापित नहीं होने के कारण ही शहर के रिंग रोड किनारे अव्यवस्थित रूप से गैरेज संचालित हो रहे है और इन गैरेज के बाहर रिंग रोड पर भारी वाहनों को खड़ा कर मरम्मत का कार्य किया जाता है। इसके साथ ही गैरेज के आस पास ही रिंग रोड पर ट्रक बसों का कब्जा होता है और यही वजह है कि रिंग रोड कब्जे से मुक्त नहीं हो पा रहा है और आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। दुर्घटनाएं होने पर जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा रिंग रोड पर खड़े वाहनों पर कार्रवाई तो कर दी जाती है लेकिन इसका कोई स्थायी समाधान नहीं मिल पाया है।



वीरा टीपीनगर।



रिंग रोड पर खड़े भारी वाहन।

### अब तक ननि को नहीं मिली जमीन

बड़ी बात तो यह है कि तत्कालीन सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आनन फानन में बिना प्रक्रियाओं को पूर्ण किए निर्माण कार्य तो करा दिया। बाद में प्रशासन ने ही उक्त जमीन को राजस्व की भूमि बताकर निगम को जमीन आबंटन नहीं होने का पेंच फंसा दिया। इस आपत्ति को भी लम्बा समय बीत चुका है लेकिन अब तक इस दिशा में ननि सरकार व प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। निगम को एक रुपए प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से जमीन आबंटन का गजट नोटिफिकेशन हो चुका है लेकिन इसकी फाइल भी अब तक विभाग के पास नहीं पहुंची है ऐसे में टीपी नगर का सपना आज भी साकार होता नजर नहीं आ रहा है।

#### पीपीपी मॉडल भी पेंडिंग

नगर निगम सरकार द्वारा टीपी नगर को पीपीपी मॉडल पर बसाने की योजना बनाई गई लेकिन यह तरकीब भी ठन्डे बस्ते में चली गई। लम्बे समय तक फाइल को स्थानीय स्तर पर रोके रखा गया और अधिकारी पीपीपी मॉडल पर टेंडर तक नहीं कर पाए। पूर्व की प्रदेश सरकार के निर्देश पर टीम पीपीपी मॉडल पर टेंडर करने के लिए अध्ययन करने पहुंची थी। राज्य स्तरीय टीम ने यह देखा कि पीपीपी मॉडल पर किस तरह से टेंडर किए जा सकते है, किस कार्य को लिया जा सकता है और उसे वर्कआउट कैसे किया जाए। इससे निकाय को कितना लाभ मिलेगा लेकिन राज्य से आई टीम में भी अनुभव कमी थी। सर्वे करने आई टीम स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत नहीं कर पाई थी।

### इस मुद्दे पर फंसा

टीपी नगर के तीन एकड़ की जमीन के अतिरिक्त निगम के पास वहां 28 एकड़ और जमीन है लेकिन उक्त जमीन पर कोई निर्माण कार्य नहीं है। जिस तीन एकड़ की भूमि को लेकर विवाद है वह सीजीएमएसी को अलॉट हुआ था और जिस स्थान पर सीजीएमएससी का गोदम है वह जमीन ननि को मिली थी लेकिन सीजीएमएससी ने पूर्व में ननि की जमीन पर निर्माण शुरू करा दिया गया था जिसके बाद समझौता के तहत निगम ने सीजीएमएससी को अलॉट जमीन पर निर्माण कराया था लेकिन जमीन का अंतिम अलॉटमेंट नहीं हो पाया था। चूंकि इस जमीन पर पूर्व से सड़क, बिजली पानी की व्यवस्था है इस लिए यदि यह जमीन निगम को अलॉट हो जाती तो निश्चित रूप से शहर के आधे से अधिक ट्रांसपोर्ट व गैरेज संचालक यहां शिफ्ट हो सकते थे और निगम की बड़ी समस्या हल हो जाती। इस जमीन पर ही निगम ने 12.50 करोड़ का प्रोजेक्ट बनाकर भी शासन को भेजा लेकिन उक्त प्रोजेक्ट भी अब तक अटका हुआ है।

### फिर से भेजा गया है प्रस्ताव

टीपी नगर प्रोजेक्ट नगर निगम सरकार की प्राथमिकता में है। टीपी नगर को लेकर पूर्व में कई प्रस्ताव भेजे गए लेकिन तकनीकी कारणों से स्वीकृति नहीं मिल पाई। एक बार फिर नए सिरे से प्रोजेक्ट तैयार कर शासन को भेजा गया है और उम्मीद है कि हमें इस प्रोजेक्ट की मंजूरी मिल जाएगी।

-डॉ. अजय तिर्की
महापौर ननि

---

# लकड़ी कम होने का हवाला देकर मुक्तिधाम में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- अब वायरल हो रहा है वीडियो, नहीं की गई घटना की शिकायत

शहर के शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए दी गई लकड़ी का वजन कम होने के नाम पर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मुक्तिधाम में हुई घटना का वीडियो अब वायरल हो रहा है। यह पहला मौका है जब मुक्तिधाम जैसे स्थान पर भी मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। हालांकि मार खाने वाले व्यक्ति द्वारा इसकी शिकायत पुलिस से नहीं किए जाने की बात कही जा रही है लेकिन उन्होंने लकड़ी प्रदान करने का जिम्मा अब सीनियर सिटीजन फोरम को सौपने का फैसला ले लिया है। बताया जा रहा है कि 19 जनवरी को शहर के गोधनपुर क्षेत्र से एक व्यक्ति के निधन उपरान्त शंकरघाट मुक्तिधाम में चार क्विंटल लकड़ी का पर्ची कटवाया गया था। संचालनकर्ता का कहना है कि पर्ची के अनुरूप कर्मचारी द्वारा चार क्विंटल लकड़ी निकालकर दे दिया गया था लेकिन जब मृतक के परिवार के सदस्य अंतिम संस्कार के लिए आए तो उनके लकड़ी कम लगी ऐसे में उन्होंने इसकी शिकायत की थी। शिकायत के बाद कर्मचारी को भेजा गया। लकड़ी मोटी होने के कारण वजन अधिक था इस लिए लकड़ियां कम नजर आ रही थी। ऐसे में कर्मचारी द्वारा अतिरिक्त लकड़ी निकालकर दे दी गई थी। लकड़ी कम होने को लेकर ही विवाद शुरू हुआ और मौजूद लोगों ने देखरेख करने वाले व्यक्ति की जमकर पिटाई कर दी। हालांकि इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। केयर टेकर का कहना है कि लकड़ी की मोटाई अधिक होने के वजन अधिक हो गया और इसी लिए लकड़ियां कम नजर आई। उन्होंने अपने साथ हुई घटना की शिकायत मानवता के आधार पर नहीं की है लेकिन उन्होंने अब लकड़ी प्रदान करने का जिम्मा भी सीनियर सिटीजन फोरम को सौपने का निर्णय ले लिया है।



मुक्तिधाम में विवाद करते लोग।

# भालू के हमले में घायल महिला की सीआरपीएफ जवानों ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

भालू के हमले में घायल महिला की जान बचाकर सीआरपीएफ जवानों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीआरपीएफ जवानों द्वारा की गई इस मदद की क्षेत्र में जमकर सराहना की जा रही है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्र सबाग के ग्राम नवाडीह निवासी चलंगी नगेशिया पति दसन नगेशिया किसी काम से जंगल की ओर गई हुई थी। इस दौरान जंगल में भालू ने महिला पर हमला कर दिया। भालू के हमले में महिला बेहोश हो गई। इस बात की जानकारी मिलने के बाद तत्काल सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान मौके पर पहुंचे जिसके बाद घायल महिला को कंधे पर लादकर जंगल से बाहर लाया गया और सबाग अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल महिला की जान खतरे से बाहर बताई जा रही है। सीआरपीएफ



जवानों द्वारा की गई मदद की क्षेत्र में जमकर सराहना की जा रही है।

---

# अवधूत भगवान राम सेवा संस्थान में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**अंबिकापुर।** श्री अवधूत भगवान राम सेवा संस्थान लाल माटी का 15वां वार्षिक उत्सव व स्थापना दिवस सर्वप्रथम ध्वज पूजन श्री सफल योनि पाठ हवन के साथ आररंम्भ हुआ। इस कार्यक्रम में अंबिकापुर, बनारस, झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र से अनेको आश्रम के अनुयायियों का आगमन हुआ। प्रतिवर्ष की भांति उत्सव के दौरान जरूरतमंदों को कम्बल साड़ी का वितरण किया गया। इसके साथ ही लालमट्टी ग्राम व आसपास के सैकड़ो ग्रामीण व शहर से आये अनेकों अनेक लोगों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। बाबा अवधूत कुमार राम ने अपने आशीर्वचन मे संदेश देते हुये कहा कि हमे राम के साथ राम के चरित्र को भी अपनाने की आवश्यकता है। मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है, हमे मिलजुलकर समाज मे शोषित वंचित जरूरतमंद लोगों के लिये भी कार्यक्रम बनाकर उनके उद्धार के उपाय भी करते रहना चाहिए।



# ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार पति की मौत, पत्नी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पत्नी के साथ घर लौट रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ आ रहे ट्रैलर वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए पति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद चालक वाहन मौके पर ही छोड़ फरार हो गया। इधर पुलिस ने घटना कारित वाहन को जब्त कर चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम देवनगर बड़कापारा निवासी रविशंकर सोनवानी शुक्रवार को पत्नी कविता सोनवानी के साथ बाइक से किसी काम के सिलसिले में शिव प्रसाद नगर गए थे। दूसरे दिन दोनों बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही मुख्य मार्ग कलुवा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 15 एसी 5595 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार पति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद चालक मौके पर ही वाहन को छोड़ फरार हो गया। पिता की मौत व मां की हालत गंभीर होने की खबर मिलते ही पुत्र तुलेश्वर ने घटना की जानकारी चाचा को दी। सूचना पर परिजन घटनास्थल पहुंचे और दोनों को पिकअप वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत रविशंकर को मृत घोषित कर दिया जबकि महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां महिला का उपचार जारी है। घटना की रिपोर्ट भाई राजकुमार सोनवानी ने कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने घटना कारित वाहन को जब्त कर चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।



# गांजा तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे, दो लाख रूपए का गांजा जब्त

**रामानुजनगर/ सूरजपुर।** नशे के अवैध कारोबारी व नशेड़ियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रामानुजनगर पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस टीम ने आमगांव खदान क्षेत्र में बड़ी मात्रा में गांजा लेकर खपाने आ रहे युवक को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के पास से दो लाख कीमत की 10 किलो गांजा जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश में गश्त कर रहे रामानुजनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बड़ी मात्रा में गांजा लेकर सूरजपुर से आमगांव खदान की ओर खपाने जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने साल्ही, आमगांव खदान के पास उड़ीसा के नयागढ़ अंतर्गत ग्राम तेनतुलिया पल्ली निवासी सूर्यकांत सिठठा आ. जोगी सिठठा (32 वर्ष)को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के पास रखे दो बैग की तलाशी ली तो बैग से 2 लाख कीमत की 10 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के पास से गांजा को जब्त कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (बी)एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक स्निग्धा सलामें, सउनि मनोज पोर्ते, विशुनदेव पैकरा, माधव सिंह, प्रधान आरक्षक विजय केरकेट्टा, हधसराम कनेडिया,आरक्षक महेंद्र प्रताप सिंह, कमलेश्वर सिंह, गणेश सिंह, प्रवीण मिंज, गजेन्द्र सिंह, कौशलेन्द्र सिंह, दीपक यादव सक्रिय रहे।



# नवाचार पद्धति के तहत खेल खेल में दिया जा रहा है बच्चों को नैतिक शिक्षा का ज्ञान

**सीतापुर।** नवाचार शिक्षा पद्धति के तहत स्कूली बच्चों को खेल खेल में सामान्य ज्ञान एवं नैतिक शिक्षा का ज्ञान दिया जा रहा है। शासकीय प्राथमिक शाला घुरवाबुड़ा की संस्था प्रमुख आशा सोनी नवाचार शिक्षा पद्धति के जरिये बच्चों को पढ़ा रही है।

नवाचार पद्धति के लिए उन्होंने शिक्षा के साथ खेल को माध्यम बनाया है जिसके तहत वो ऐसे खेल का चयन करती है जिससे बच्चों का बौद्धिक एवं मानसिक विकास हो सके। खेल के अलावा संस्था प्रमुख गीत एवं लघुनाटक के माध्यम से भी बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रही है। ऐसी गतिविधियों से बच्चों को अपने पाठ्यक्रम के दोहे एवं कहानियों को याद करने में आसानी होती है। इस संबंध में संस्था प्रमुख आशा सोनी ने बताया कि नवाचार शिक्षा पद्धति बच्चों के कौशल विकास के लिए काफी लाभदायक है। नवाचार के जरिये बच्चों को करीब से हकीकत जानने का अवसर मिलता है। इस पद्धति के जरिये बच्चों को जो भी दिखाया बताया जाता है वो सारी बातें उनके जेहन में रच बस जाती है। उन्होंने बताया कि इस तरह के नवाचार से बच्चों में एक दूसरे से आगे बढ़ने लालसा पैदा होती है इसलिए बच्चे बड़े धैर्य और उत्साह के साथ नवाचार की गतिविधियों में भाग लेते है। संस्था प्रमुख होने के नाते मेरा यही उद्देश्य है कि नवाचार के जरिये शाला के सभी बच्चों का कौशल विकास हो।









